नारीलोक
मार्च 2023
अंक 296

अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com

## अध्यक्षीय अनुभूति

प्रिय बहनों,

आज एक पत्रिका के पन्नों को पलटते हुए एक article ने मन को व्यथित कर दिया। लेख के अनुसार एक 13 वर्ष की बच्ची ने depression में आत्महत्या करने की कोशिश की। UNICEF द्वारा भारतीय बच्चों पर हुई एक शोध के अनुसार सात में से एक बच्चा अवसाद का शिकार बन रहा है। पढ़ते हुए मन में विचार आया कि भारत में बच्चे खुश क्यों नहीं है? विशेषकर मार्च का महीना माता-पिता, शिक्षक और बच्चों के लिए इतना बोझिल क्यों बन जाता है? मार्च महीने में परीक्षाओं का माहौल ऐसा गर्मा जाता है कि लगता है मानो March कह रहा हो Keep Marching... Keep Scoring...

तो आइए! आज बात करते हैं भारतीय विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की। भारत में कई बच्चों को मानसिक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है जो सीधे उनकी शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। ADHD, Schizophrenia, OCD, Disruptive Behaviour आदि कितनी ऐसी बीमारियां हैं जिनसे बच्चे जूझ रहे हैं। क्या आप बता सकते हैं कि इनमें से कितने बच्चों को मेडिकल सहायता मिलती है? 1% से भी कम! ऐसा क्यों? क्योंकि भारत में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बात ही नहीं होती, तो मनोचिकित्सक के पास ले जाना तो दूर की बात है। बच्चों के हमउम्र दोस्तों में इसे समझने की क्षमता नहीं होती और बड़े इसे समझना ही नहीं चाहते।

आज हम समझने का प्रयास करें कि भारत में अधिकतर बच्चे खुशनुमा बचपन क्यों नहीं जी रहे हैं? इसका मुख्य कारण बनता है – **अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा** – अभिभावक और अध्यापकों को यह समझना आवश्यक है कि हमारे बच्चे अलग-अलग रेस दौड़ रहे हैं, सबकी start line और finish line अलग-अलग है। भारतीय शिक्षा पद्धति ने बच्चों को rat-race का हिस्सा बना दिया है। बहनों! आपको जेलर नहीं गार्डनर बनना है। हर पौधा अलग तरीके से विकसित होता है। कोई पौधे धूप में तो कोई छांव में पनपते है, कुछ लालन-पालन से तो कुछ अपने आप बढ़ जाते हैं। बच्चों को ट्रॉफी ना समझें बल्कि बच्चों की क्षमता को समझें, उनकी दिलचस्पी और जरूरतों को समझें। इस मार्च महीने में हमें बच्चों को प्रतिस्पर्धा की दौड़ से निकाल कर उनकी रुचिकर राह में आगे बढ़ने हेतु साथी बनना है।

बच्चों के मानसिक विकार का एक और कारण है – **सोशल मीडिया।** हमारे मोबाइल को हम mass destructive weapon का नाम दे सकते हैं। हमारी उलझन यह हो जाती है कि पढ़ने के लिए फोन देना भी है और उन्हें फोन से दूर भी रखना है। इस भेदरेखा को बच्चे समझ ही नहीं पाते, लेकिन हम अभिभावकों को समझना अति आवश्यक है। इसका एक सीधा-सरल उपाय है कि आप स्वयं अपने बच्चों के साथ रचनात्मक खेल खेलें, शारीरिक एक्टिविटी करें। उनका होमवर्क भी कराएं पर साथ में उनके रुचि के कार्य भी अवश्य करें।

इस विकार का एक और सोचनीय पक्ष है कि भारत में बच्चों का **माता-पिता से खुलकर दिल की बात ना कह पाना।** बच्चों में अकसर यह अवसाद का कारण बन जाता है। तो क्या किया जाए? क्यों ना घर पर माहौल ऐसा बनाएं कि बच्चे अपने दिल की हर परेशानी को लेकर आपके पास आ सकें। आपसे डरें नहीं, आपके पास स्वयं को सुरक्षित महसूस करें और आपको संकटमोचक मानें। बच्चों के साथ आपका रिश्ता दहशत का नहीं दोस्ती का हो।

बहनों! आपको स्वयं समझना होगा कि मार्कशीट और सर्टिफिकेट बच्चे की सफलता निर्धारित नहीं करते। यह सब हमने '3 इडियट्स' 'तारे जमीं पर', 'हिन्दी मीडियम' आदि मार्मिक फिल्मों में देखा भी और भावुकता में भी बहे। फुन्सुक वांगडू ने कहा भी कि कामयाब होने के लिए नहीं, काबिल होने के लिए पढ़ें। हम सबने उनकी बातों की तारीफ की, फिल्मों की प्रशंसा की, पर इन फिल्मों से मिले संदेश और मर्म को अपनाया कभी नहीं।

बहनों! शैक्षणिक परीक्षा के अंक और नतीजे ही बच्चों का भविष्य निर्धारण नहीं करते, इस बात को अच्छी तरह गांठ बांध लें। यदि आपका बच्चा अक्सर उदास और मायूस रहता है, तो सावधान हो जाएं। यह अवसाद के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। बच्चों में डिप्रेशन की वजह से उनकी आने वाली जिंदगी भी प्रभावित होती है। बच्चों की रुचि अनुसार उन्हें आगे बढ़ाना ही उन्हें सफलता और प्रसन्नता के नजदीक रख सकता है। बच्चों को उन्मुक्त जीवन जीने देना है या उन्हें अवसाद की ओर ले जाना है... फैसला आपका!!!

स्नेहाकांक्षी
नीलम सेठिया

# 'शासन माता' साध्वीश्री कनकप्रभाजी

प्रथम वार्षिक पुण्यतिथि



चिट्ठी ना कोई सन्देश
जाने वो कौन सा देश
जहाँ तुम चले गए

फाल्गुन शुक्ल 14
06 मार्च 2023

श्रद्धाप्रणत
अखिल भारतीय
तेरापंथ महिला मंडल

## श्रद्धासुमन

जब भी देखा तुम्हें, तुम्हारे
चेहरे पर मृदु हास दिखा ।
मन के शिलालेख पर जिसने
आ आखर 'विश्वास' लिखा।।

ममता, करुणा व वात्सल्य
नयन से तेरे झरता था ।
नेह लबालब भरा सुधाघट,
दिल को दरिया करता था ।।

'जय' कहना, सम्बोधन का,
अंदाज अजब अलबेला था ।
सदा तुम्हारे सम्मुख भक्ति,
का लगता इक मेला था ।।

गहन मनन, सुचिंतन की
साहित्य धार कल-कल बहती ।
सुप्त चेतना में गति, मति भर,
झंकृत तन-मन को करती।

पर 'था' शब्द यहाँ बेमानी
लगता, बहुत अखरता है ।
तेरे 'है' ही होने से जीवन
का रंग संवरता है ।।

दूर कहाँ हो, बहुत निकट तुम,
जन-जन मन आवासित हो ।
हम सब के खूं में 'शासन माता'
तुम सदा प्रवाहित हो ।।

राह दिखाना सदियों को,
दायित्व तुम पर था भारी ।
रहे गूंजती दिशि-दिशि पावन,
महिला मंडल सदैव आभारी ।।

श्रद्धा-सुमन भरी अंजुरिया
बिछी हुई पग-पग तेरे ।
'महाश्रमणी माँ कनकप्रभा'
स्वीकारो मन-मुक्ता मेरे ।।

march 8

# INTERNATIONAL WOMEN'S DAY
# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8 मार्च – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस – महिला दिवस का औचित्य तब तक प्रमाणित नहीं होता, जब तक सही मायने में महिलाओं की दशा नहीं सुधरती। महिला सशक्तिकरण एक विवेकपूर्ण प्रक्रिया है। आगामी महिला दिवस पर हम अपनी बहनों के पंखों में उड़ान भरें और साथ ही उन्हें जमीन से जोड़े रखें।

## तालमेल
*Balancing Work & Home*

**अपने क्षेत्र की व्यावसायिक महिला को मंच प्रदान करें**

**कार्यक्रम में सम्मिलित किए जाने वाले बिन्दु :**

- अधिक से अधिक व्यावसायिक तेरापंथी बहनों (Homepreneur & Womenprenuer) को आमंत्रित करें।
- उन्हें अपने व्यवसाय की जानकारी समाज को प्रदान करने का अवसर दें।
- उक्त महिलाओं के business cards को समागत महिलाओं के मध्य प्रचारित करें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन बहनों का प्रचार करें।
- उक्त महिलाओं से अभातेममं का तालमेल गूगल फॉर्म अवश्य भरवाएं।
- इसके पश्चात् कार्यशाला का दो भागों में आयोजन करें :
  1. व्यावसायिक महिलाएं कैसे अपने गृह एवं व्यवसाय में तालेमल बनाएं। (Managing work and home)
  2. व्यवासायिक महिलाएं अपने व्यवसाय में उन्नति कैसे करें। (Home-business growth tips)

## प्रेरणा सम्मान

अपने क्षेत्र में जन–साधारण को सुरक्षा प्रदान करने वाली महिला (Police, Army, Navy, Airforce, Home Guards etc.) को सम्मानित करें जिन्होंने महिला होते हुए भी अपने कार्यक्षेत्र में दक्षता हासिल करते हुए समाज की सुरक्षा का दायित्व अपने कंधों पर लिया। ऐसी महिला को सम्मान पत्र प्रदान करें एवं साथ में उनसे उनके अनुभव भी सुनें। सम्मान पत्र का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी हेतु संयोजिका श्रीमती ललिता धाड़ीवाल मो. 9826358200/ श्रीमती रचना हिरण मो. 9821385587 से सम्पर्क करें।

Utsav Rishton Ka

## उत्सव के रंग रिश्तों के संग

भारत में विवाह केवल दो लोगों का मेल नहीं होता है, इसे दो परिवारों का मेल माना जाता है। इस विवाह–संबंध से कई नए रिश्ते बनते हैं और उनको निभाने की जिम्मेदारी भी आती है। खासतौर से महिला वर्ग को अपने नए रिश्तों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है कि किस तरह से वह उन्हें निभा पाती हैं। ऐसा ही एक अनूठा रिश्ता होता है ननद–भाभी का। ननद–भाभी का रिश्ता बहुत ही प्यारा होता है। ननद और भाभी एक–दूसरे की सबसे अच्छी दोस्त बन सकती हैं। भाभी–ननद के रिश्ते की मजबूती से जहां परिवार वाले खुश होते हैं, वहीं दोनों का मान परिवार की नजरों में और अधिक बढ़ जाता है। रंग–बिरंगे और खुशनुमा होली के माहौल में रिश्तों का उत्सव भी इस मार्च महीने में मनाया जाए तो इससे अधिक सुन्दर बात क्या ही हो सकेगी?

### उत्सव रिश्तों का
### प्रेम ननद-भाभी का

ननद भाभी एक दूसरे की दोस्ती चाहती है,
ननद भाभी एक दूसरे का प्यार चाहती है।
गलतफहमियों से हो जाती है तकरार वरना
ननद तो भाई का खुशहाल परिवार चाहती है।

अपने क्षेत्र में ननद–भाभी की जोड़ी को कार्यक्रम में बुला कर उनके खट्टे–मीठे अनुभव सभी के साथ साझा करें। उनके आपसी संबंधों और उनके परिवार में सकारात्मक असर के पक्ष को उजागर करने का प्रयास करें। यह कार्यक्रम मार्च माह में अपने क्षेत्र में आयोजित करने का प्रयास करें।

कन्या मंडल

## उड़ान... उमंगों की

होली की हर्षित बेला पर खुशियां मिले अपार।
यश कीर्ति सम्मान मिले और बढ़े सत्कार।।
सतरंगी हर दिन हर पल, जीवन रहे गुलजार।
उत्साह बढ़े चित्त चेतन में, निर्मल रहे आचार।।
सफलताएं नित नई मिले, बधाई बारंबार।
मंगलमय हो काज आपके, सुखी रहे परिवार।।

भारतीय त्यौहार अपने रंग बिरंगे रंगों के साथ अपने मीठे और स्वादिष्ट पारंपरिक पकवानों के लिए भी विश्व प्रसिद्ध है। 'आपणो राजस्थान' अपने गौरवपूर्ण इतिहास, शानदार किले-महलों के साथ राजस्थानी पारंपरिक खानों के लिए भी प्रसिद्ध है। जब त्यौहारों की बात आती है तो साथ में पारंपरिक पकवान जिन्हें हमारी दादी-नानी बड़े जतन से बनाती थी, बहुत याद आते हैं।

### करणीय कार्य - मार्च 2023 : पाक-कला प्रतियोगिता

### कहीं गुम ना हो जाए - दादी नानी का खाना

दादी- नानी के ज़माने का खाना अपनी थाली से गुम होता चला जा रहा है। जिन पकवानों को हमारे घर में बड़े जतन से बनाया जाता था, वह स्वादिष्ट एवं देखने में भी आकर्षक होते थे एवं स्वस्थ जीवन शैली और राजस्थानी खान-पान को बढ़ावा देते थे। इस बार मार्च में रंगों का पर्व होली आ रहा है, इस उपलक्ष्य में आपको अपने क्षेत्र में राजस्थानी पारंपरिक पकवान प्रतियोगिता का आयोजन करना है, जिसे आप दादी-नानी-मां से सीख सकती हैं। नियम इस प्रकार रहेंगे :-

- कन्याएं पारंपरिक तीज त्यौहारों पर बनने वाले किसी एक पकवान को बनाए।
- उक्त पकवान का तीज-त्यौहार पर बनने का औचित्य भी चार वाक्यों में प्रतिभागी प्रस्तुत करें।
- क्षेत्रीय विजेता की पकवान सहित फोटो एवं रेसिपी मो. 98100 11500 पर व्हाट्सएप्प करें।

### उर्वी
#### मुखरित दीवारें



G20 के अन्तर्गत C20 में अभातेमम के चयन होने पर कन्या मंडल अपने क्षेत्र में विद्यालय, पॉर्क, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक स्थल की दीवारों पर अधोलिखित विषय में से अपने रुचिकर विषय पर संदेशात्मक कलाकृति बनाकर नगर सौंदर्य में अभिवृद्धि करें।

#Lifestyleforenvironment (LiFE)

| | |
|---|---|
| 1. Save Water | 2. Save Energy |
| 3. पर्यावरण संरक्षण | 4. स्वच्छ भारत अभियान |
| 5. Prevent Global Warming | 6. Green India |

दीवारों की पेंटिंग में अभातेमम, G20 एवं C20 का 'लोगो' दर्शाएं। साथ ही स्थानीय कन्या शाखा मंडल का नाम भी दर्शाएं।

अपने क्षेत्र में यह कार्य मार्च 2023 के समापन तक जितना अधिक हो सके अवश्य करें। सर्वश्रेष्ठ 3 प्रतिभागी क्षेत्रों को अधिवेशन में पुरस्कृत किया जाएगा। दीवारों पर की गई कलाकृति की फोटो संयोजिका श्रीमती जयश्री जोगड़ मो. 9028284801 को भेजें।

### NURTURING FUTURE LEADERS
(Zoom Workshop)

**मार्च माह की कार्यशाला**

**विजयनगर, बेंगलुरू कन्या मंडल**
रविवार, दि. 5 मार्च 2023 को
प्रातः 11 से मध्यान्ह 12.30 बजे तक आयोजित
विषय - Self Transformation
Self Grooming Technique
**Refine - Journey Within**

**उदयपुर कन्या मंडल**
रविवार, दि. 26 मार्च 2023 को
विषय - अध्यात्म
**Personify**
(A virtual aura making event)

आगामी मासिक कार्यशालाओं हेतु
कन्या मंडल प्रभारी से संपर्क करें

# INSPIRATHON

## Sheroes - A journey from Mass to Class

अपनी विद्वता, आत्मविश्वास, पुरुषार्थ और समय प्रबन्धन से जिन्होंने तेरापंथ समाज में ही नहीं वरन् पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है इन SHEROES ने, जिनसे आज संपूर्ण समाज प्रेरणा ले सकता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिलते हैं एक विशिष्ट प्रतिभा से जिन्होंने अपने कृत कार्यों से स्वयं का, समाज का और देश का नाम रोशन किया है। लीक से परे उपलब्धियां प्राप्त कर बढ़ाया है नारी का सम्मान।

### CHAMAN PINCHA

D/o. Late Mohini Devi and Late Punam Chand Pincha



Recipient of the Mary Fran Myers Award - a global award, Chaman is a Development & Gender and Disaster, International consultant. She graduated in Political Science, Economics and English Literature from Rajasthan University and completed her post-graduation and M.Phil. from Madras University in English literature. She started her career as an Assistant Professor at Manipur University but later moved into the field of gender and women empowerment. Driven by her passion and deep commitment, she has worked in India, Afghanistan, Bangladesh, Thailand and Turkey in the capacity of gender advisor, researcher, trainer and evaluator with a number of national and international entities like European Commission, World Bank, UNDP, USAID, Action Aid, (Afghanistan and India), Oxfam International, Swedish Committee for Afghanistan and World Food Programme, etc. Her specialization lies in gender analysis in the area of food security, livelihoods, climate change adaptation, Disaster Risk Reduction, conflict and peace-building and humanitarian actions.

Chaman's publications are globally acclaimed and proved to be major resources and influencers. One of her publications on Gender mainstreaming in DRR etc. is translated into Turkish, Indonesian and Tamil languages and has also been adapted in Fiji and Nigeria as a guiding document on Gender equity. The same publication was later included in the curricula of Amherst College, USA. Chaman's extensive research on Gender and Disaster, spanning 45 villages of Tamil Nadu in the aftermath of the tsunami is considered, by both practitioners and academics around the globe, as pioneering in bringing the status transgender population to the forefront of the disaster discourse.

For more than a decade she took up dauntingly challenging assignments in Afghanistan for assessing the programmes, policies and training stakeholders including the government officials, religious and community leaders etc. One of her publications is based on her action research in several provinces of Afghanistan on Gender equality in DRR and Climate Change discourse and practices. In Bangladesh she has also assessed how the massive influx of Rohingya has impacted the host communities.

Chaman, now 61, describes herself as a stream which made her way through rocks and boulders, gathering force, not in spite of but because of them.

**Select Honours & Awards**

❖ Chaired the Second India/International Disaster Management Conference, organised by the Government of India, New Delhi.

❖ Invited as a key speaker for the international conference on DRR, 3er Congreso Internacional de Gestión Del Riesgo de Desastres in Medellín - Colombia.

❖ Received Mary Fran Myer's Award co-sponsored by Natural Hazard Centre, Colorado, and Gender and Disaster Network for significant contribution in advancing the cause of gender mainstreaming.

❖ Invited on the international expert panel of Plan the UK, to guide them on the flagship publication "Because I am a girl."

❖ Served on the Editorial Board of the International Journal of Disaster Risk Reduction in the Built Environment, Salford University, UK, 2012-2014.

❖ Invited as a resource person for ADPC, Thailand.

INSPIRATION contd...

- Invited as a resource person in George Washington University, the USA, to sit on a select panel of experts on the Social Dimension of Disaster Management with Focus on vulnerable groups (poverty, gender, ethnicity, age, disability).
- Invited as a resource person at the UNDP, BCPR, Thailand.
- Invited to Speak to the Students of Yale University, USA, on Gender and ECO-DRR in Afghanistan.
- Resource person on Gender and DRR (Disaster Risk Reduction) for the National Institute of Disaster Management, India.

**Select Key publications**

- Women's Voices and Agencies in Community-Based Disaster Risk Reduction: Facilitating Factors and Constraints from the experiences of Afghanistan, Afghanistan Resilience Consortium, Afghanistan.
- Gender Differential Issues in 2004 Tsunami ( Book Chapter) in Women and Disasters in South Asia: Survival, Security and Development, Routledge Taylor and Francis Group, London.
- Shifting Spaces of Women in Tamil Nadu: Transformation through Disaster Response, Book chapter in Women's Encounter with Disasters, Front Page publications, London.
- Participation of Women in the Community-Based Disaster Preparedness Programme: A Critical understanding, CARE India.
- Gender Sensitive Disaster Management: A toolkit for practitioners, Oxfam International. (The publication is translated into Turkish, and Bhahasa languages; online versions are available. This publication was also placed on the curricula of Women's and Gender Studies (under the Gender Equality and Disaster Section) of Amherst College, USA.
- Indian Ocean Tsunami through the gender lens: A case study of Tamil Nadu, India, Oxfam International.
- Aravanis: The Voiceless Victims of Tsunami, Humanitarian Practitioner's Network.
- Inspirational Transformation: A compilation of case studies of women's perceptions on MSSRF, Chennai.

PERSONAL EXCELLENCE

# PERSONAL BRANDING & GROOMING

AMITY FINISHING SCHOOL
ASPIRE > ACHIEVE > TRANSFORM

**अभातेममं एवं** Amity Finishing School **द्वारा कन्याओं के लिए** Personal Excellence Master Class (Personal Branding & Grooming) **20 जनवरी से 24 फरवरी तक 6 सत्रों द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई।** Amity Finishing School **की** faculties **द्वारा कन्याओं को निम्न विषयों पर ट्रेनिंग दी गई :**

20 January 2023 :
Subject - Etiquette by Prof. Ms. Roshi Kapoor
Topics : Introduce yourself to others, Steps to correct greetings, Different hand shakes, Mobile etiquette, Social etiquette, Dining table etiquette, Networking over Social events, Tea etiquette, Table manners.

27 January 2023 :
Subject- Communication by Director - Amity Finishing School Ms. Eeshani Saraswat
Topics : Verbal & Non-verbal communication, Correct & sitting & standing postures, right communication posture.

3rd February 2023 :
Subject - Impressive Appearance by Prof. Ms. Masha Shrivastav
Topics : Right Clothing, Impressive Appearance, Look Attractive, Feel good internal image, Right accessories.

10th February 2023 :
Subject- Image Building by Prof. Ms. Masha Shrivastav
Topics : Appropriate grooming, Image management, Ethnic, Formal & Occasional Wear.

17th February 2023 :
Subject- Self Esteem, Conflict Management & Time Management by Prof. Ms. Roshi Kapoor
Topics : Building self esteem, Focusing on strengths, Learn to say no, Dealing with the challenges, problems and conflicts, Time management skills.

24th February 2023 :
Subject- Q&A Session by Prof. Ms. Masha Shrivastav & Prof. Ms. Roshi Kapoor

**इस कोर्स में 16 राज्यों के 59 क्षेत्र से 167 कन्याएं संभागी बनी। समस्त कन्याओं को** Amity Finishing School **की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।**

**यह कोर्स कन्याओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं उन्हें स्वयं को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करने में सहायक बना। विभिन्न शिष्टाचार भी सिखाए गए जिनसे उनके व्यक्तित्व को एक अलग पहचान मिल सकेगी।**

Amity Finishing School **के साथ आयोजित इस कोर्स हेतु कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी को साधुवाद।**

## आरोग्यम् - परंपराओं का पुनरावर्तन डायटिशियन सारिका गिड़िया द्वारा प्रशिक्षण

दि. 26–27–28 फरवरी को 'आरोग्यम्' के अन्तर्गत त्रिदिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण में डायटिशियन श्रीमती सारिका गिड़िया ने स्वास्थ्य के प्रति प्रथम दिन 'मोटापे' पर, द्वितीय दिन 'मानसिक स्वास्थ्य' पर एवं तृतीय दिन 'महिला संबंधी रोगोपचार' पर गहनता से प्रशिक्षण देते हुए अति सुन्दर ढंग से समस्याओं एवं उनके पारंपरिक समाधान का विश्लेषण किया।

आज के भौतिक युग में एवं भागदौड़ भरी जिन्दगी में महिलाएं कैसे स्वयं को रोजमर्रा की शारीरिक समस्याओं का पारंपरिक तरीकों से निजात पा सकती है, इसके बेहतरीन घरेलू नुस्खे बताए गए। तीनों ही दिन जूम अपने अधिकतम गुंजाइश तक पूर्ण रूप से भरा हुआ था।

प्रथम दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मंगलाचरण रा.का.स. श्रीमती प्रभा घोड़ावत ने किया। संचालन रा.का.स. श्रीमती अमिता नाहटा ने तथा आभार रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद ने ज्ञापित किया।

द्वितीय दिवस का संचालन रा.का.स. श्रीमती संतोष वेदमुथा ने किया। मंगलाचरण रा.का.स. श्रीमती शशि बोहरा ने तथा आभार रा.का.स. श्रीमती सुधा नौलखा ने ज्ञापित किया।

तृतीय दिवस का संचालन रा.का.स. श्रीमती वन्दना विनायकिया ने किया। आभार महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने ज्ञापित किया।

कार्यक्रम आयोजन में सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी का सार्थक श्रम रहा, तदर्थ साधुवाद। ऑनलाइन जूम का संचालन सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा ने किया।

## आकाशवाणी उदयपुर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का साक्षात्कार




दि. 13.02.23 को अभातेममं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया का आकाशवाणी उदयपुर द्वारा साक्षात्कार लिया गया। इस साक्षात्कार में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अभातेममं की समस्त गतिविधियों का कार्य–विवरण बताया। महिला जीवन के विभिन्न पड़ाव एवं महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर पूछे गए प्रश्नों के सुन्दर एवं सटीक उत्तर दिए गए। इस वार्तालाप के 13 मिनट का प्रसारण दि. 14.02.23 को प्रातः आकाशवाणी उदयपुर में किया गया।

## शासन माता के अमृत महोत्सव से अनवरत चल रही कला अभ्युदय योजना




- अपने क्षेत्र में एक या दो तेरापंथी महिला का चयन करें जिन्हें गृह व्यवसाय की अत्यन्त आवश्यकता हो।
- ऐसी महिलाओं की जरूरतों को समझते हुए उन्हें परामर्श दें कि वे क्या घरेलू व्यवसाय प्रारम्भ कर सकते हैं।
- उनकी जरूरत की मशीन/उपकरण जैसे अनाज पीसने की मशीन, सिलाई मशीन, मसाला मशीन, बेकिंग मशीन, खाखरा मशीन आदि का ब्यौरा एवं उक्त महिला का सम्पूर्ण विवरण राष्ट्रीय संयोजिका को प्रेषित करें।
- उक्त महिला का नाम और अन्य विवरण पूर्ण रूप से गोपनीय रखे जाएं।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें संयोजिका श्रीमती ज्योति जैन मो. 93398 78262

### योजना के Diamond Donors

स्व. श्रीमती कमला कठोतिया की पुण्य स्मृति में
श्रीमती आरती श्री राकेश कठोतिया
लाडनूं – मुम्बई

श्रीमती रंजू
श्री मनोज लुणिया
चाड़वास – शिलाँग

श्रीमती मधु श्री विमल
श्री चिराग श्री यश कटारिया
बेमाली – बेंगलुरु

# LIFESTYLE WITHOUT CRUELTY
## हिंसा vs अहिंसा

अभातेममं के निर्देशानुसार हिंसा vs अहिंसा– Lifestyle Without Cruelty के अंतर्गत शाखाओं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम:–

### वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता
**कुल प्राप्त 103 प्रविष्टियों में चयनित प्रविष्टियां**

1. साउथ कोलकाता महिला मंडल
2. कांकरोली महिला मंडल
3. भुवनेश्वर महिला मंडल
4. लाडनूं महिला मंडल
5. अहमदाबाद महिला मंडल
6. कोयम्बत्तूर महिला मंडल
7. चुरू महिला मंडल
8. मुंबई महिला मंडल
9. जयपुर शहर महिला मंडल
10. सूरत महिला मंडल
11. नेपालगंज महिला मंडल

### पोस्टर प्रतियोगिता
**कुल प्राप्त 94 प्रविष्टियों में चयनित प्रविष्टियां**

1. पटना महिला मंडल
2. नोएडा महिला मंडल
3. काठमांडू महिला मंडल
4. इचलकरंजी महिला मंडल
5. पूनम बांठिया, फरीदाबाद महिला मंडल
6. ममता लोढ़ा, कोपरखैरने, मुंबई महिला मंडल
7. जयपुर शहर महिला मंडल

### स्लोगन प्रतियोगिता
**कुल प्राप्त 98 प्रविष्टियों में चयनित प्रविष्टियां**

1. जया सेठिया, हैदराबाद महिला मंडल
2. कुसुम नौलखा, बीकानेर महिला मंडल
3. बंगाईगांव (दक्षिण) महिला मंडल
4. पूर्वांचल कोलकाता महिला मंडल
5. वंदना बैद, दलखोला महिला मंडल
6. उषा मरलेचा, पाली महिला मंडल
7. ममता सुराना, शिलांग महिला मंडल

समस्त प्रतिभागी शाखा मंडल को हार्दिक साधुवाद।

संयोजिका डॉ. वन्दना बरड़िया

# REVIVAL ढो.वि. पू.लि.
## पुरानी ढालों का पुनरावर्तन

गुरुप्रवर के इंगितानुसार अभातेममं ने पुरानी ढालों के पुनरावर्तन हेतु REVIVAL कार्यशाला को online आयोजित किया। लगभग 2600+ महिलाओं ने व्हाट्सएप्प के माध्यम से जुड़ कर इन ढालों के पुनरावर्तन के प्रति अपने उत्साह व रुझान को दर्शाया।

16 जनवरी को उद्घाटन सत्र में अभातेममं की ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने नमस्कार महामंत्र से सत्र का शुभारम्भ किया। श्रीमती रश्मि भूरा ने मंगलाचरण किया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने इन ढालों को सीखने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए शुभकामनाओं प्रेषित की। तत्त्वज्ञ श्री सुशील बाफना ने भी अपने विचार रखे। अभातेममं के अनेक गणमान्य व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही।

श्रीमती रचना मालू ने प्रथम गीत 'प्राणी समकित किण विध आई रे' के कुछ पद्यों का संगान किया। रा.का.स श्रीमती शिल्पा बैद ने सत्र की रूपरेखा एवं प्रथम गीत की भूमिका प्रस्तुत की। रा.का.स. श्रीमती मधु कटारिया ने आभार ज्ञापित किया।

16 जनवरी से लेकर फरवरी अंत तक सोमवार से शुक्रवार प्रतिदिन मध्यान्ह 3 से 4.30 बजे तक यह कार्यशाला जूम पर आयोजित हुई। इन चार पुरानी ढालों को समझने व कंठस्थ करने का प्रयास रहा :–

1. प्राणी समकित किण विध आई रे
2. दस दान
3. कर्मों की सज्झाय
4. अठारह पाप

ढालों को लयबद्ध एवं शुद्ध सीखने–सिखाने के क्रम में श्रीमती मधु कटारिया, श्रीमती दीपा पारख, श्रीमती संगीता बाफना (पालघर), श्रीमती रचना मालू, श्रीमती रश्मि भूरा, श्रीमती निकिता बेगवानी एवं श्रीमती कल्पना गुजरानी ने अपना श्रमशील सहयोग प्रदान किया। प्रथम चरण को एक प्रतियोगिता के माध्यम से विराम दिया गया।

**ANNOUNCEMENT**

कार्यशाला के द्वितीय चरण में
भिक्षु त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में गुरुदेव द्वारा इंगित
**'भिक्षु विचार दर्शन'**
पुस्तक के सामूहिक अध्ययन के क्रम का शुभारम्भ
भिक्षु मासिक तेरस
5 मार्च 2023
प्रात: 11 बजे से होगा।

निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम एवं
पूज्यप्रवर की रास्ते की सेवा का उपक्रम

## 'भावना सेवा' में सेवार्थी

भावना सेवा

सेवा देने वाले शाखाओं एवं बहनों को हार्दिक साधुवाद

**28 दिसम्बर 2022 से 03 जनवरी 2023 – सवाई माधोपुर**

श्रीमती सुरेखा जैन, श्रीमती सुनिता अटल जैन, श्रीमती सीमा जैन, श्रीमती सुनिता जैन, श्रीमती कामिनी जैन

**06 जनवरी से 10 जनवरी 2023 – राजनगर**

श्रीमती चंचल चपलोत, श्रीमती मंजु शोभावत, श्रीमती कैलाश मादरेचा

**11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 – रायपुर**

श्रीमती सम्पत बरलोटा, श्रीमती बिमला दुगड़, श्रीमती कमला गिड़िया, श्रीमती चन्दा छाजेड़, श्रीमती निर्मला बरड़िया

**18 जनवरी से 24 जनवरी 2023 – श्रीडूंगरगढ़**

श्रीमती मंजू बोथरा, श्रीमती शारदा बोथरा, श्रीमती कमला दूगड़, श्रीमती सुशीला नाहटा, श्रीमती पूर्णिमा झाबक

**26 जनवरी से 31 जनवरी 2023 – भीलवाड़ा**

श्रीमती चन्द्रकान्ता चौरड़िया, श्रीमती पारस मेहता, श्रीमती कमला सिंघवी, श्रीमती पुष्पा हिरण

**24 जनवरी से 30 जनवरी 2023**

श्राविका गौरव डॉ. माणक कोठारी, सुश्री कमला जैन

**1 फरवरी से 7 फरवरी 2023 – काठमांडू**

श्रीमती नीता कोठारी, श्रीमती अमिता नाहटा, श्रीमती निशा जैन, श्रीमती सुमन नाहटा

**9 फरवरी से 14 फरवरी 2023 – सूरत**

श्रीमती चन्दा भोगर, श्रीमती सरला धारीवाल, श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती राखी बैद, श्रीमती सुषमा बोथरा, श्रीमती अंजू बेताला, श्रीमती जयंती सिंघी

**15 फरवरी से 21 फरवरी 2023 – अहमदाबाद**

श्रीमती लीला जैन, श्रीमती विनोदबाला डागा, श्रीमती रेखा कोठारी, श्रीमती टीटू बांठिया

**22 फरवरी से 28 फरवरी 2023 – पाली**

श्रीमती उषा मरलेचा, श्रीमती सुषमा डागा, श्रीमती प्रेम भंसाली, श्रीमती सुनीता भंसाली

श्रीमती किरण बाई आंचलिया
द्वारा निरन्तर प्रदत्त सेवा हेतु हार्दिक साधुवाद।

## कर्म विज्ञान और कालूतत्त्वशतक (वर्ग-प्रथम व द्वितीय) पर आधारित बोर्ड गेम




कर्म – घाती एवं अघाती तथा कालूतत्त्वशतक – प्रथम एवं द्वितीय खंड पर आधारित अभातेममं द्वारा निर्मित बोर्ड गेम्स को शाखा मंडलों ने गत दो माह में प्रतियोगिता के रूप में अपने क्षेत्र में आयोजित किया, यह सात्विक प्रसन्नता का विषय है। इन बोर्ड गेम को शाखा ने तत्त्वज्ञान में रुचि रखने वाले व्यक्तियों तक पहुंचाया और साथ ही सदस्यों के मध्य भी इसे लोकप्रिय बनाया, तदर्थ समस्त शाखाओं को साधुवाद।

बोर्ड गेम्स को सबसे अधिक लेने वाले शाखा इस प्रकार हैं :–

* अहमदाबाद
* मुंबई
* सेलम

अन्य क्षेत्रों से विनम्र अनुरोध कि इन बोर्ड गेम्स को तत्त्वज्ञान में रुचि रखने वाले व्यक्तियों तक अधिक से अधिक पहुंचाएं एवं नवयुवक–नवयुवतियों को भी तत्त्वज्ञान में रुचि पैदा करने हेतु इन बोर्ड गेम्स का प्रचार–प्रसार अवश्य करें। अधिक बोर्ड गेम मंगवाने हेतु सम्पर्क करें :

**राजस्थान**
श्री सुनील मो. 7733888138

**गुजरात, मध्य प्रदेश**
श्रीमती निधि सेखानी मो. 9879633133

**महाराष्ट्र**
श्रीमती रचना हिरण मो. 9821385587

**तमिलनाडु, कर्नाटक**
श्रीमती मधु कटारिया मो. 9980443204

**उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, असम**
श्रीमती रमण पटावरी मो. 9903518222

**दिल्ली, पंजाब, हरियाणा**
श्रीमती मंजू भूतोड़िया मो. 9312173434

यदि कोई शाखा मंडल 5 गेम्स एक साथ मंगवाता है तो कोरियर खर्च देय नहीं होगा। उससे कम मंगवाने पर प्रत्येक सेट का कोरियर खर्च ₹80 अतिरिक्त देय होगा।

## कांकरोली

'मंजिलें... Reach the Unreached'

**क्षेत्रीय कार्यशाला**

दि. 11.02.2023 को साध्वीश्री डॉ. परमयशाजी की पावन सन्निधि में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं कांकरोली ने 'मंजिलें... Reach the Unreached' कार्यशाला का आयोजन किया। साध्वीश्री के महामंत्रोच्चार सहित कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ।

कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय बहनों ने महाश्रमण अष्टकम् से मंगलाचरण किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा पगारिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं आगंतुक सभी अतिथिगण का स्वागत अभिनंदन किया। स्थानीय तेममं ने cruelty free lifestyle पर लघु नाटिका का मंचन किया। साध्वीवृंद ने 'मंजिलें' विषय पर नूतन चिन्तन सहित प्रस्तुति दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'मंजिलें' कार्यशाला पर अपने सुंदर और भावपूर्ण विचारों की अभिव्यक्ति दी। साध्वीवृंद ने 'संयम: खलु जीवनम्' गीत का संगान किया। साध्वीश्री डॉ. परमयशाजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हो संकल्प हमारा ऐसा सूरज बन तम दूर करें, आशाओं के लगे पंख जीवन में कुछ नया करें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया ने मंजिल प्राप्ति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

कार्यशाला में स्थानीय सभाध्यक्ष श्री प्रकाश सोनी ने शुभकामनाएं व्यक्त की। स्थानीय मंत्री श्रीमती मनीषा कच्छारा ने संचालन किया। कांकरोली सभा मंत्री श्री विनोद चोरड़िया, तेयुप अध्यक्ष श्री निखिल कच्छारा, मंत्री श्री दिव्यांश कच्छारा, तेप्रोफो अध्यक्ष श्री आर. के. जैन ने गरिमामय उपस्थिति प्रदान की।

## FEED THE MIND
**पाठशाला पुस्तकालय परियोजना**

तेममं कांकरोली द्वारा Feed the Mind के तहत मोही गाँव के नंदलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाइब्रेरी का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि राजसमन्द विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी सहित ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावडिया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चण्डालिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

प्रधानाचार्य श्री उमेश शर्मा एवं सरपंच श्री दिग्विजय सिंह भाटी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। संचालन श्री राम गोपाल ने किया। विद्यालय में दो अलमारी, पुस्तकें एवं छः कुर्सियां अनुदानित की गई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा पगारिया, मंत्री श्रीमती मनीषा कच्छारा सहित काफी बहनों की उपस्थिति रही।

## धोइन्दा

'मंजिलें... Reach the Unreached'

**क्षेत्रीय कार्यशाला**

दि. 12.02.2023 को साध्वीश्री विशदप्रज्ञाजी की पावन सन्निधि में अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं धोइन्दा 'मंजिलें... Reach the Unreached' कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया सहित कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चण्डालिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

साध्वीश्रीजी के महामंत्रोच्चारण से कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। साध्वीश्री विशदप्रज्ञाजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज तेरापंथ महिला मंडल एक महाप्रबला शक्ति बनकर युग को नई दिशा दे रही है, छोटी छोटी मंजिलें बनाकर महान लक्ष्य को छूने का प्रयास कर रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित नारी शक्ति में नई ऊर्जा का सम्प्रेषण करते हुए कहा कि किसी भी मंजिल को पाने के लिए समर्पण और सहिष्णुता के साथ अपनी सोच को सकारात्मक रखना भी अति आवश्यक है।

स्थानीय मंत्री श्रीमती तारा लोढ़ा ने स्वागत वक्तव्य दिया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती ममता कच्छारा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। स्थानीय से श्री भेरूलाल लोढ़ा, श्री अर्जुन कच्छारा, श्री जसराज सोनी, श्री अरविन्द लोढ़ा आदि की उपस्थिति रही।

## केलवा

'मंजिलें... Reach the Unreached'

**क्षेत्रीय कार्यशाला**

दि. 12.02.23 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं केलवा द्वारा 'मंजिलें... Reach the Unreached' कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत के पश्चात् कविता एवं अन्य विधाओं से 'मंजिलें' पर विषय प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती संगीता कोठारी ने सभी आगंतुक अतिथियों का शब्द सुमन द्वारा स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने छोटे-छोटे लक्ष्य बनाकर अपनी मंजिल तक पहुंचने की वैज्ञानिक प्रक्रिया बतलाई।

श्रीमती अर्चना भंडारी, डॉ. नीना कावड़िया एवं श्रीमती निर्मला चण्डालिया ने समागत महिलाओं को संबोधित किया। श्रीमती नीरू कोठारी एवं श्रीमती प्रिया कोठारी ने कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति दी। संचालन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती सविता बोहरा एवं आभार ज्ञापन श्रीमती चंदा कोठारी ने किया। तेयुप अध्यक्ष श्री विकास बोहरा, मंत्री श्री अर्चित बोहरा एवं श्री सुमित सांखला की उपस्थिति रही।

# उदयपुर

## 'मंजिलें... Reach the Unreached'
## क्षेत्रीय कार्यशाला

दि. 13.02.23 को शासनश्री मुनिश्री सुरेशकुमारजी एवं मुनिश्री संबोधकुमारजी के पावन सान्निध्य में तथा अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं उदयपुर द्वारा 'मंजिलें... Reach the Unreached' कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया तथा रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की।

मुनिश्री द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ प्रारंभ कार्यशाला में स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा पोरवाल ने समस्त अतिथियों एवं आगंतुकों का तहेदिल से स्वागत किया। मुनिश्री सुरेशकुमारजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में अनंत शक्ति लिए हुए हैं। अपनी योग्यता की खोज करें मंजिलें बाहें फैलाए हमारी प्रतीक्षा करेगी। मुनिश्री संबोधकुमारजी ने प्रेरणा देते हुए कहा कि अपने जीवन में हम क्या-क्या खो रहे हैं, यही तय करता है कि हम क्या-क्या पाने के हकदार हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नतीजे नए चाहिए तो कुछ नया कर गुजरने की हिम्मत रखें। ऊंचाइयां उन्हें नसीब होती है जिनमें गहराई होती है। मुख्य अतिथि नारी निकेतन अधीक्षक श्रीमती प्रीति जैन ने अपनी भावनाएं प्रकट की। डॉ. नीना कावड़िया एवं श्रीमती निर्मला चण्डालिया ने अपने वक्तव्य में महिलाओं को लक्षित मंजल की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

स्थानीय कन्या मंडल ने हाई प्रोफाइल सोसायटी वर्सेस मोरल वैल्यूज पर रोचक संवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभा मंत्री श्री विनोद कच्छारा, तेयुप अध्यक्ष श्री अक्षय बडाला, मंत्री श्री विक्रम पगारिया, तेप्रोफो अध्यक्ष श्री हिमांशु राय नागोरी, मंत्री श्री पवन हिरण ने उपस्थिति दर्ज की। संचालन श्रीमती सुमन डागलिया तथा श्रीमती उषा चव्हाण ने किया। स्थानीय मंत्री दीपिका मारू ने आभार ज्ञापित किया।

### 'कन्याएं फैलाएं यशोध्वजाएं'
## कन्या मंडल कार्यशाला

दि. 13.02.23 को शासनश्री मुनिश्री सुरेशकुमारजी एवं मुनिश्री संबोधकुमारजी के पावन सान्निध्य में तथा अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं उदयपुर द्वारा मंजिलें कार्यशाला के अन्तर्गत 'कन्याएं फैलाएं यशोध्वजाएं' विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने कन्याओं को अपने यशकीर्ति का परचम लहराते रहने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चण्डालिया की उपस्थिति में इस कार्यशाला का आयोजन हुआ।

## FEED THE MIND
## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

दि. 13.02.23 को तेममं उदयपुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में Feed the Mind के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लखावली में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया, ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती प्रतिभा, पार्षद व अधिवक्ता श्रीमती सोनिका जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका संपूर्ण विकास हो सके। श्रीमती प्रतिभा ने महिला मंडल के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए पुस्तकालय की देखरेख का जिम्मा लिया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा पोरवाल ने प्रति वर्ष तेममं की तरफ से पुस्तकें अनुदान करने की घोषणा की।


श्रीमती सोनिका जैन ने पुस्तकों के महत्व को समझाया। स्कूल प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंगला पोरवाल ने तेममं का धन्यवाद अदा किया। स्थानीय मंत्री श्रीमती दीपिका मारू ने आभार ज्ञापित किया।

## कन्या सुरक्षा योजना



तेममं उदयपुर द्वारा 'कन्या सुरक्षा योजना' के तहत महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय एवं जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल में पांच बैंचों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया सहित कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ बैंचो को जनसेवार्थ अस्पताल को समर्पित किया। इस अवसर पर अस्पताल के के डॉक्टर व स्टॉफ की उपस्थिति रही।



## राजनगर
## स्वर्ण जयंती समारोह

दि. 12.02.23 को तेममं राजनगर द्वारा 50 संसिद्धि ग्लोरियस ईयर्स का आयोजन साध्वीश्री डॉ. परमयशाजी के सान्निध्य में किया गया। स्थानीय 51 महिलाओं द्वारा महाश्रमण अष्टकम् से मंगलाचरण किया गया। साध्वीवृंद द्वारा संगान एवं कन्या मंडल द्वारा स्वर्ण जयंती पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने 50 वर्षों में सेवाएं देने वाली समस्त अध्यक्ष मंत्री का सम्मान किया।

कार्यक्रम में ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया एवं रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया की गरिमामय उपस्थिति रही। विकास परिषद् सदस्य श्री पदमचन्द पटावरी, अणुव्रत गौरव डॉ. महेंद्र कर्णावट, भिक्षु बोधि स्थल अध्यक्ष श्री ख्यालीलाल चपलोत, मंत्री श्रीमती मंजू बडौला, उपाध्यक्ष श्री अनिल बडोला, डॉ. विमल कावड़िया, श्री डूंगर सिंह कर्णावट, श्री अशोक डूंगरवाल ने भी उपस्थिति दर्ज की। स्थानीय तेमम के अतीत और वर्तमान की यादों को समेटे हुए एक बहुत ही रोचक प्रस्तुति हुई।

स्थानीय अध्यक्ष डॉ. सीमा कावड़िया ने स्वागत वक्तव्य में शाखा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रशंसनीय स्वर में राजनगर के इतिहास को सराहा एवं स्वर्ण जयंती पर विशेष कार्यों के लिए स्थानीय तेमम को स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया। श्री पदमचंद पटावरी ने संस्कृति को संभालने की बात कही। डॉ. महेंद्र कर्णावट ने मंडल की पूर्व स्थिति को प्रस्तुत करते हुए इतिहास बताया।

साध्वीश्रीजी ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि नारी विश्व की एक महान शक्ति है। महिलाओं का अतीत गौरवशाली रहा है। नारी का भविष्य देश समाज संघ राष्ट्र के लिए सुखद भविष्य बने ऐसी मंगल कामना करते हैं। संचालन श्रीमती सीमा चपलोत एवं स्थानीय मंत्री श्रीमती डिंपल कर्णावट ने किया। आभार श्रीमती पूर्णिमा कोठारी ने ज्ञापित किया।



## कन्या सुरक्षा योजना

तेममं राजनगर द्वारा स्वर्ण जयंती के अवसर पर जे के गार्डन में कन्या सुरक्षा स्तंभ का निर्माण किया गया। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं सभापति श्री अशोक टाक द्वारा किया गया।

स्थानीय अध्यक्ष डॉ. सीमा कावड़िया ने स्वागत करते हुए जानकारी दी कि पूर्व में भी एक सर्कल बस स्टैंड पर बनाया गया तथा एक और नया स्तंभ कन्याओं को समर्पित है। कन्या मंडल ने कन्या सुरक्षा हेतु गीत का संगान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्या सुरक्षा स्तंभ निर्माण की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे स्तंभ के निर्माण कन्याओं की सुरक्षा के लिए वरदान साबित हो। इस अवसर पर कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चण्डालिया, बोधि स्थल अध्यक्ष श्री ख्यालीलाल चपलोत ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पार्षद श्री पुष्कर श्रीमाली, श्री संजय कावड़िया, पार्षद श्री प्रमोद, श्री हेमेंद्रसिंह चौहान, डॉ. विमल कावडिया आदि कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती डिंपल कर्णावट ने किया। आभार स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती वनिता बाफना ने ज्ञापित किया।

## जयपुर सी-स्कीम द्वारा कन्या कार्यशाला

turning point

दि. 23.02.23 को अभातेमम के तत्त्वावधान में कन्या मंडल जयपुर सी–स्कीम ने शासनश्री साध्वीश्री मधुरेखा जी के सान्निध्य में 'टर्निंग पाइन्ट' कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

साध्वीश्रीजी द्वारा नमस्कार महामंत्र उच्चारण पश्चात् स्थानीय मंत्री श्रीमती रेखा बोकाड़िया ने त्रिपदी वन्दना करवाई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती नीरू पुगलिया ने स्वागत स्वर उकेरे।

श्रीमती सरिता डागा ने कन्याओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने एवं स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। श्रीमती पुष्पा बैद ने संयुक्त परिवार पर बल देते हुए कहा कि कन्याओं को शैक्षणिक एवं पारिवारिक दोनों ही शिक्षा जरूरी है। श्रीमती अर्चना भण्डारी ने वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के संदर्भ में स्मरण शक्ति परीक्षण हेतु ice breaking के तहत खेल आयोजित किया। कन्याओं ने बड़े उत्साह सहित हिस्सा लिया एवं सुश्री प्रज्ञा सुमन ने प्रथम, सुश्री निष्ठा भंसाली ने द्वितीय तथा सुश्री अंकिता हीरावत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। क.मं. प्रभारी ने कन्याओं को प्रेरणा दी कि संघर्ष के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करें एवं हर turning point को startup समझकर मनोबल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

साध्वीश्रीजी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कन्याओं के हर क्षेत्र में प्रगति को सराहा पर उन्हें अध्यात्म से जुड़ने की भी प्रेरणा दी। स्थानीय मंत्री श्रीमती रेखा बोकाड़िया ने आभार व्यक्त किया। संचालन स्थानीय कन्या मंडल संयोजिका सुश्री चारुल सेठिया ने किया।

**जैनधर्मास्तु मंगलम्**

शृंखला की अगली कड़ी का कार्यक्रम
अहमदाबाद में
15 मार्च 2023 को
पूज्यप्रवर की पावन सन्निधि में
आयोज्य है।

## चिखली

**'मंजिलें... Reach the Unreached'**

**क्षेत्रीय कार्यशाला**

दि. 28.02.23 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं चिखली द्वारा 'मंजिलें' कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया सहित सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना की गरिमामय उपस्थिति रही।

शुभारम्भ सामूहिक महामंत्रोच्चार से हुआ। स्थानीय बहनों द्वारा प्रेरणा गीत एवं सुंदर स्वागत गीत की प्रस्तुति हुई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चंदा चावत ने स्वागत वक्तव्य दिया। महामंत्री ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण सहित ही मंजिलें प्राप्त की जा सकती है। सहमंत्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण के बारे में तथा क्षेत्रीय प्रभारी ने क्षमा के बारे में वक्तव्य दिया।

लायंस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती नेहा, महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष श्रीमती सरस्वती, स्थानीय सभाध्यक्ष श्री रोशन बोहरा, तेयुप अध्यक्ष श्री पवन कालिया आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन श्रीमती मोना नंगावत ने तथा आभार स्थानीय मंत्री श्रीमती डिंपल चावत ने किया।

### कन्या सुरक्षा योजना

### FEED THE MIND

### पाठशाला पुस्तकालय परियोजना



दि. 28.02.23 को तेममं चिखली द्वारा कन्या सुरक्षा अभियान के तहत मंदिर के परिसर में 2 बेंच का उद्घाटन किया गया। सहकारी स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया सहित सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना की गरिमामय उपस्थिति रही।

### सदस्यता अभियान

अभातेममं द्वारा निर्देशित सदस्यता अभियान हेतु शाखाओं ने इस उपक्रम में अपनी महनीय योगदान देते हुए सदस्य संख्या में अभिवृद्धि की, तदर्थ समस्त शाखाओं को हार्दिक साधुवाद।

यह वर्ष चुनावी वर्ष है, इसलिए 31 मार्च 2023 तक ही नए सदस्य बनाएं। तदुपरांत शाखा वार्षिक अधिवेशन तक कोई नए सदस्य न बनाए जाएं।

इस सदस्यता अभियान में संयोजिका सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने सार्थक श्रम नियोजित किया, तदर्थ साधुवाद।

## काव्यामृतम्

### काव्यशाला

गत माह 'लिखें शक्ति की नई ऋचाएं' थीम पर अनेक प्रविष्टयां प्राप्त हुई। अति सुंदर शब्दों का चयन एवम संयोजन मानो मोतियों की कतार जैसी सजी हुई शब्दाक्षरी। आप सबकी सृजन क्षमता को साधुवाद। इस क्षमता का विकास निरंतर करना है और अपनी लेखनी को और अधिक समृद्ध बनाने का प्रयास करना है।

**'लिखें शक्ति की नई ऋचाएं' थीम पर चयनित कविता**

परिवर्तन है नियम सृष्टि का, बदल रहा हर रूप ।
लिखें शक्ति की नई ऋचाएं,बदले अपना स्वरूप ।।
समता ममता सहनशीलता, नारी की पहचान ।
ऐसा हो व्यक्तित्व हमारा, हो सबको अभिमान ।।
कोमल मन कमजोर नहीं, हर राह पर हम चल पाएं ।
दया और माया की मूरत, संघर्षों से ना कतराएं ।।
साहस और आत्मविश्वास से, नव इतिहास बनाना है ।
जीवन के हर क्षेत्र में हमको, आगे कदम बढ़ाना है ।।
आशाओं की उड़ान भरे, सपनों को आकार दे पाएं ।
दृढ़ निश्चय, संकल्प-शक्ति से, अंबर को भी छू जाएं ।।
हो सक्षम कुशल व्यक्तित्व, नारी रूप निखर जाए ।
सर्वगुण संपन्न बने, नित नए प्रगति शिखर पाए ।।
हाथ मिलाकर साथ बढ़ें, कोशिश कर बन जाए बेहतर ।
मजबूत मनोबल हो हर पल, पार करें मंजिल की डगर ।।
कर मन के भावों से संघर्ष, हम खुद अपना निर्माण करें ।
इच्छाशक्ति के पंखों से, नव-चिंतन से उड़ान भरे ।।

प्रियंका आंचलिया, नागपुर

आगामी माह के लिए 'थीम' प्रदान की जा रही है। 'थीम' पर आधारित अपने नवीन विचारों सहित काव्य सृजन करें।

**थीम: महिला सशक्तिकरण**

* काव्यामृतम् काव्यशाला फेसबुक ग्रुप पर आप स्वयं पोस्ट कर सकते हैं।
* उपरोक्त थीम पर 20 मार्च 2023 तक प्राप्त प्रविष्टियां ही मान्य होगी।
* कविता अधिकतम 16 पंक्तियों की ही मान्य होगी।

काव्यामृतम् काव्यशाला का फेसबुक ग्रुप है :-

www.facebook.com/groups/418110360344800/

# FEED THE MIND

## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

अभातेममं का प्रयास – हर विद्यार्थी का हो शिक्षा में विकास। इस उद्देश्य की आपूर्ति हेतु FEED THE MIND- Library प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन देश भर में विभिन्न शाखाओं द्वारा किया जा रहा है। शाखा मंडल द्वारा उद्घाटित लाइब्रेरी का पिछले अंक से जारी विवरण :–

| शाखा | विद्यालय का नाम | लाभान्वित विद्यार्थी |
|---|---|---|
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.5 | 625 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.318 | 200 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.319 | 370 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.265 | 720 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.124 | 686 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.6 | 540 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.41 | 226 |
| सूरत | शाला नं.1 | 550 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.218 | 600 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.7 | 550 |
| सूरत | प्राथमिक शाला नं.121 | 620 |
| आर.आर.नगर बेंगलुरू | गवर्नमेन्ट कन्नड एवं इंग्लिश मॉडल प्राइमरी स्कूल | 600 |
| मैसुरू | गवर्नमेन्ट प्राइमरी स्कूल | 500 |
| कांकरोली | नंदलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय | 400 |
| उदयपुर | राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लखावली | 400 |

## शृंखलाबद्ध मौन

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

शृंखलाबद्ध मौन में कई क्षेत्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगी, ऐसा पूर्ण विश्वास है। गत माह शृंखलाबद्ध मौन में संबद्ध होने वाली शाखाएं इस प्रकार हैं :–

### जनवरी-फरवरी माह में शृंखलाबद्ध मौन

26 जनवरी – कांटाबांजी – 01
27 जनवरी – चित्रदुर्ग – 01
28 जनवरी – गुवाहाटी – 17
29 जनवरी – किशनगढ़ – 05
30 जनवरी – श्रीडूंगरगढ़ – 51
31 जनवरी – सायरा – 31
01 फरवरी – हिन्दमोटर – 04
02 फरवरी – जोरहाट – 01
03 फरवरी – लिलुआ – 04
04 फरवरी – हिसार – 15

05 फरवरी – राउरकेला – 02
06 फरवरी – लावा सरदारगढ़ – 19
07 फरवरी – विजयनगर बेंगलरू – 08
08 फरवरी – टी.दासरहल्ली – 02
09 फरवरी – बरहमपुर – 02
10 फरवरी – उत्तर हावड़ा – 06
11 फरवरी – भिलाई – 08
12 फरवरी – राजाजीनगर – 05
13 फरवरी – कैसुर – 04
14 फरवरी – दौलतगढ़ – 03

15 फरवरी – अभातेममं – 01
16 फरवरी – महाड़ – 05
17 फरवरी – बंगईगांव – 07
18 फरवरी – कालांवली – 05
19 फरवरी – वाराणासी – 07
20 फरवरी – हनुमंतनगर – 05
21 फरवरी – नीमच – 06
22 फरवरी – उधना – 45
23 फरवरी – सिलचर – 17
24 फरवरी – राजलदेसर – 11
25 फरवरी – चितौड़गढ़ – 06

शृंखलाबद्ध मौन में तिथि आरक्षण हेतु Google Form Link :
https://forms.gle/RmgAXfRe3sVS3oGK7 (Touch the link to open Google Form)
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें संयोजिका श्रीमती जयंती सिंघी मो. 86906 66015

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## मार्च 2023

**सन्दर्भ पुस्तक : धर्म है उत्कृष्ट मंगल (पृष्ठ संख्या 238 से 259)**

### सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाएं

1. शुभ योग में मोहकर्म का वियोग रहता है।
2. आठ पृथ्वियों में चौथी पृथ्वी का नाम रत्न प्रभा है।
3. आत्मा के आठ गुण में तीसरा गुण केवल दर्शन है।
4. आठ प्रातिहार्य में प्रथम अशोक वृक्ष है।
5. धर्म अहिंसा है, हिंसा नहीं।
6. दिगम्बर मतानुसार स्त्री मोक्ष प्राप्त कर सकती है।
7. तेरापंथ के संविधान के अनुसार धर्मसंघ में एक ही आचार्य होता है।
8. प्रथम आचार्य श्री भिक्षु किसी पूर्व आचार्य के द्वारा मनोनीत आचार्य थे।
9. दीक्षा एक मार्ग है अपने आप पर नियंत्रण पाने का ।
10. विवेक का अर्थ है– करणीय और अकरणीय का भेद ज्ञान।

आगामी पुस्तक 'शासन माता' द्वारा रचित 'गणं सरणं गच्छामि'

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. कालूयशोविलास आचार्य श्री ............................... द्वारा प्रणीत एक गेय काव्य है।
12. जैन धर्म के अनुसार ............................... के चौदह सौपान है।
13. स्याद् वाद की ............................... सुप्रसिद्ध है।
14. मुनि को ............................... से लब्धियां उपलब्ध हो सकती हैं।
15. धर्म उपदेश में है , बल प्रयोग और ............................... में नहीं।
16. कालूयशोविलास का तत्त्व निरूपण ............................... एवं वैविध्यपूर्ण है।
17. ............................... वहां अपेक्षित है जहां संवेगों पर अनियन्त्रण होता है।
18. जैन दर्शन के अनुसार प्रत्येक आत्मा का स्वतंत्र एवं ............................... अस्तित्व है।
19. अध्यात्म–साधना का बहुत बड़ा सूत्र है ............................... में जीना।
20. युवकत्व के दो लक्षण हैं – उत्साह और ............................... ।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें संयोजिका श्रीमती निर्मला चण्डालिया मो. 9819418492

Email : nirmalachandaliya@gmail.com

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 मार्च 2023

Google Form Link : https://forms.gle/4j2G6XERpWqQJAgQ6 (Click here to go to Google Form)

### फरवरी 2023 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. ✓ | 02. ✗ | 03. ✓ | 04. ✓ | 05. ✗ |
| 06. ✗ | 07. ✓ | 08. ✓ | 09. ✗ | 10. ✓ |
| 11. व्यवस्था | 12. तीन | 13. जयाचार्य | 14. क्षमा | 15. कायोत्सर्ग |
| 16. शान्त | 17. अभिमत | 18. लय | 19. विषयासक्ति | 20. स्तुति |

### फरवरी 2023 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. रूचि बैद, रायपुर | 2. अर्चना भण्डारी, नोएडा | 3. प्रमिला भटेवरा, नंजनगुड |
| 4. मंगला कुण्डलिया, गुरुग्राम | 5. सुमन आंचलिया, विजयनगरम | 6. दिलखुश तातेड़, जोधपुर |
| 7. अनिता बेंगानी, बीकानेर | 8. कुमुद कच्छारा, मुंबई | 9. शिखा कोठारी, वलसाड |
| | 10. गुलाब बच्छावत, जयपुर | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को

## प्रदत्त सहयोग एवं प्रेरणा से प्राप्त अनुदान हेतु हार्दिक आभार

| | |
|---|---|
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, इस्लामपुर |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, कांकरोली |
| ₹5,100 | श्रीमती लाडदेवी श्री प्रकाशजी मेहता (राजनगर) के पौत्र जन्म के उपलक्ष्य में |
| ₹5,100 | तेरापंथ महिला मंडल, भट्टा मधुबनी |

The Power

जैनधर्मोस्तु मंगलम्

FEED THE MIND

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

Mystical MARCH — फाल्गुन-चैत्र — वि.सं. 2079-2080 — 2023

| SUN | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 फाल्गुन सुद 10 | 2 फाल्गुन सुद 11 | 3 फाल्गुन सुद 11 | 4 फाल्गुन सुद 12 |
| 5 आचार्य भिक्षु मासिक तेरस फाल्गुन सुद 13 | 6 Happy Holi 2023 फाल्गुन सुद 14 | 7 चातुर्मासिक पक्खी प्रतिक्रमण पूर्णिमा | 8 MARCH चैत्र वद 1 | 9 चैत्र वद 2 | 10 चैत्र वद 3 | 11 चैत्र वद 4 |
| 12 चैत्र वद 5 | 13 चैत्र वद 6 | 14 जैनधर्मोस्तु मंगलम् चैत्र वद 7 | 15 भ.ऋषभ जन्म एवं दीक्षा कल्याणक चैत्र वद 8 | 16 चैत्र वद 9 | 17 चैत्र वद 10 | 18 चैत्र वद 11 |
| 19 चैत्र वद 12-13 | 20 चैत्र वद 14 | 21 पक्खी प्रतिक्रमण अमावस्या | 22 VIKRAM SAMVAT 2080 चैत्र नवरात्रि प्रारंभ चैत्र सुद 1 | 23 चैत्र सुद 2 | 24 चैत्र सुद 3 | 25 चैत्र सुद 4 |
| 26 चैत्र सुद 5 | 27 चैत्र सुद 6 | 28 चैत्र सुद 7 | 29 चैत्र सुद 8 | 30 अभिनिष्क्रमण दिवस चैत्र सुद 9 | 31 चैत्र सुद 10 | |

**बढ़ते कदम फहराएं परचम**

- ✻ उत्सव के रंग रिश्तों के संग
- ✻ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम
- ✻ प्रबुद्ध महिला सेमिनार
- ✻ जैनधर्मोस्तु मंगलम् कार्यक्रम
- ✻ भ.ऋषभ जन्म कल्याणक -भक्तामर अनुष्ठान
- ✻ नवरात्रि - ब्रह्म मुहूर्त्त अनुष्ठान
- ✻ आ. भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस पर क्विज़
- ✻ आ. भिक्षु मासिक तेरस - भिक्षु अष्टकम् संगान
- ✻ सामूहिक चातुर्मासिक पाक्षिक प्रतिक्रमण

**'शासन माता' साध्वीश्री कनकप्रभाजी**
**की प्रथम वार्षिक पुण्य तिथि**
**के अवसर पर दि. 6 मार्च 2023 को प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक**
**ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं शासनमात्रे नमः**
**का जाप सामायिक के साथ अवश्य करें।**

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306

मधु देरासरिया
कृष एन्क्लेव
F/102, सिटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com
महामंत्री कार्यालय

नारीलोक
देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org
Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/
Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube

रंजु लुणिया
लुणिया मार्केटिंग प्रा. लि.
बड़ा बाजार, छेरा बस स्टॉप के पास
शिलोंग 793 001. (मेघालय)
मो. 9436103330
Email: lmplshillong@gmail.com
कोषाध्यक्ष कार्यालय